नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# चट्टान से टकराकर नर्मदा में पलटी नाव, रांची के 10 श्रद्धालु डूबे

## दो की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज

▸ होमगार्ड और स्थानीय लोगों ने बचाई जान



**ओंकारेश्व, 10 अप्रैल. . ओंकारेश्वर में शुक्रवार दोपहर उस वक्त कोहराम मच गया जब संगम घाट की ओर जा रही एक नाव बीच नदी में पलट गई. झारखंड के रांची से आए 52 श्रद्धालुओं के जत्थे में से 10 सदस्य इस हादसे का शिकार हुए.**

गनीमत रही कि घाट पर तैनात होमगार्ड के जवानों और स्थानीय नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और सभी 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई.

हादसा दोपहर करीब 12 बजे नवीन घाट के समीप हुआ. जानकारी के अनुसार, नाव क्रमांक 225 जैसे ही आगे बढ़ी, वह बड़ी चट्टान से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि नाव का लकड़ी का पटिया टूट गया और उसमें तेजी से पानी भरने लगा. देखते ही देखते नाव असंतुलित होकर पलट गई और उस पर सवार सभी श्रद्धालु पानी में तैरने लगे. चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे बचाव दल ने सभी को पानी से बाहर निकाला.

इस हादसे में दो श्रद्धालुओं के फेफड़ों में अत्यधिक पानी भर जाने के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ओंकारेश्वर से सनावद के सिविल अस्पताल रेफर किया गया है. खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रशासन मामले की बारीकी से जांच कर रहा है. वहीं, इस घटना ने एक बार फिर नर्मदा घाटों पर नाव संचालन की सुरक्षा और मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# महिलाओं को उद्यमी बनाने में एमएसएमई की बड़ी भूमिका

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को मध्यप्रदेश सरकार ने साकार किया है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अगुवाई में एमएसएमई विकास नीति: 2025 और स्टार्ट-अप नीति : 2025 ने महिलाओं को उद्यमी बनाने में अहम भूमिका निभाई है.**



मप्र की नीतियों में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व और योजनाओं के कारण ही 24 लाख 34 हजार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम में से 4.11 लाख यानि 17 फीसदी इकाइयां महिलाओं द्वारा संचालित हैं. गत वर्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकार्पित स्टार्ट-अप नीति में 7264 में से 3476 यानि 48 स्टार्ट-अप महिलाओं के हैं. मप्र की यह तस्वीर राज्य सरकार की देश में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराता है. इससे स्पष्ट है कि महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत का सपना मप्र में साकार हो रहा है.

मप्र की एमएसएमई विकास नीति : 2025 में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं. अब उन महिला उद्यमियों को जो संयंत्र और मशीनरी में निवेश कर रही हैं, उन्हें 10 करोड़ रुपए तक के निवेश पर अधिकतम 48 प्रतिशत तक की पूंजी अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है. अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए यह दर अधिकतम 50 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि सामान्य वर्ग के लिए 40 प्रतिशत है. इस नीति से मार्च 2026 तक 24.34 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों में से करीब 4.11 लाख महिलाओं द्वारा स्थापित की गई हैं. इसके अतिरिक्त स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना : 2025 में महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्ट-अप को 18 फीसदी वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है.

## कंपनी के नाम पर 18 .85 लाख मशीनरी हड़पी

**इंदौर, 10 अप्रैल.** लसूड़िया पुलिस ने मशीनरी और वाहन किराए पर लेकर वापस नहीं करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है. आरोपियों पर करीब 18.85 लाख रुपए कीमत का सामान हड़पने का आरोप है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि महालक्ष्मी नगर में रहने वाले अनिरुद्ध डेहरिया ने शिकायत दर्ज कराई कि अप्रैल 2023 में उसका प्रवीण कुमार के नाम हुआ था.

# मेडिकल हब बनने से रोजगार के अवसर : शुक्ल

**भोपाल , 10 अप्रैल.** भोपाल में आयोजित स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन वर्कशॉप में मध्यप्रदेश में विशेष रीजनल मेडिकल हब और इंदौर-उज्जैन हेल्थ एंड वेलनेस टूरिज्म कॉरिडोर के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई. यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार देश में प्रस्तावित पाँच रीजनल मेडिकल हब में से एक के रूप में मध्यप्रदेश को विकसित करने की दिशा में मानी जा रही है.



कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में इस मेडिकल हब की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है. उन्होंने कहा कि इस परियोजना से राज्य में मेडिकल टूरिज्म को बड़ा बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ेंगे. उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इंदौर-उज्जैन कॉरिडोर इस हब के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान हो सकता है, क्योंकि यहाँ मजबूत आधारभूत संरचना, बेहतर रेल और हवाई कनेक्टिविटी तथा शैक्षणिक व औद्योगिक विकास मौजूद है.

# बोलेरो-बाइक भिड़ंत में चार की मौत



राजू चौधरी | धर्मेन्द्र सिरवईया | जीवन अहिरवाल | सूरज अहिरवाल

नवभारत, न्यूज

**दमोह.दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर बांसा में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे हुए भीषण स?क हादसे में दो सगे भाई सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया है.सड़क हादसे के बाद देर तक जाम की हालात बन गए.**

वहीं घटना की स्थानीय समाजसेवी ऋषि सिंह परिहार की सूचना पर एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया और तहसीलदार पारूल चौधरी सहित पुलिस मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला.जानकारी के अनुसार सागर रोड पर जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर बांसा तारखेड़ा ग्राम में गुलाब बाबा मंदिर के समीप शुक्रवार शाम बोलेरो और ट्रक क्र.आर जे 19 जीजी 3100 के बीच भिड़ंत हो गई. इसी दौरान बाइक क्रं.एमपी 34एमपी 1197 सवार दो स्थानीय युवक भी बुलेरो व ट्रक में टकरा गए.तेज रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि बाइक सवार दोनों युवको की मौके पर ही मौत हो गई.

# सर्वांगीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**ग्वालियर, 10 अप्रैल. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर में विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों का सुगम जीवन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.**

मंत्री तोमर ने निरीक्षण के दौरान सड़क, सीवर, विद्युत एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुडी़ समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. इस मौके पर विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे.

ऊर्जा मंत्री तोमर ने वार्ड-5 स्थित नहर वाले हनुमान मंदिर के पास गोकुल विलास मानुपर फेस-2 एवं 3 में क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर उनकी सड़क, सीवर, विद्युत एवं पेयजल से संबंधित समस्याओं को जाना तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया. इसके साथ ही बहादुरनगर, गली क्रमांक 1 व 2 में भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से जनसंवाद किया. साथ ही मानुपर स्थित संजीवनी क्लीनिक का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए.



## राहुल गांधी के मानहानि से जुड़े मामले में रिकार्ड तलब

**जबलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मानहानि से जुड़े मामले में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की है। कर्तिकेय सिंह की और से एमपी-एमएलए कोर्ट के द्वारा जारी किए समन को राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें कि शुक्रवार को जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। मामले से जुड़े रिकार्ड जो कि एमपी-एमएलए भोपाल कोर्ट के पास थे, उसे हाईकोर्ट ने तलब किया है। हाईकोर्ट ने कर्तिकेय सिंह चौहान को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए है.

# वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस भाजपा में जुबानी जंग जारी



▸ कांग्रेस से दी चुनौती, भाजपा ने दिया जवाब

नव भारत न्यूज

**इंदौर। नगर निगम परिषद में वंदे मातरम नहीं गाने को लेकर उठे मुद्दे पर आज भी कांग्रेस भाजपा में जुबानी जंग चलती रही। भाजपा ने आज शहर के सभी निगम वार्डो में वंदे मातरम का गायन किया।**

मुस्लिम महिला पार्षद द्वारा वंदे मातरम नहीं गाने के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया है कि भाजपा और कांग्रेस अब उक्त मुद्दे को लेकर जमकर बयान बाजी कर रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पार्टी के हर कार्यक्रम में वंदे मातरम गाकर आयोजन शुरू करने की बात कही।

### भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस का पुतला जलाया

वंदे मातरम के मुद्दे पर आज इमली बाजार चौराहे पर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस का पुतला जलाया गया।इस दौरान भारत माता की जय , वंदे मातरम के नारे लगाए गए।

### किसने क्या दिया बयान

- विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि जो वंदे मातरम नहीं गा सकते है, उन्हें देश छोड़ देना चाहिए.
- नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से वंदे मातरम गाने की चुनौती दी। साथ ही उक्त मुद्दे को भाजपा का षड्यंत्र बताया.
- कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि जो एक गिलास साफ पानी नहीं दे सकते है, वो राष्ट्र भक्ति का पाठ पढ़ा रहे है। कांग्रेस का खून आजादी के संघर्ष में रंगा है.
- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने उस्मान पटेल के नेतृत्व में राजबाड़ा पर वंदे मातरम गाया।
- कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के समीर खान के नेतृत्व में कई मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वंदे मातरम गाया.

# चहुंओर माफिया, कैसे होगा प्रदेश का भला : डा . गोविंद

▸ 10 साल में 40 से ज्यादा हुई हत्या

**ग्वालियर. बीजेपी के शासनकाल में जो माफियाराज चल रहा है उससे हर कोई भयभीत है. रक्षक भी सुरक्षित नहीं है तो आमजन का क्या होगा? हकीकत में कानून राज चैपट हो गया है. हर क्षेत्र में माफियाराज चल रहा है. कांग्रेस ऐसे शासनकाल की कड़ी निंदा करती है, वहीं मुख्यमंत्री से मांग करते है कि सरकार जनहितैशी होकर कार्य करें.**

भले ही कोई भी दोषी हो उसको सजा मिलनी चाहिये. यह बात पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही.

पूर्व मंत्री डा. गोविंद सिंह एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने पत्रकारों से कहा कि ग्वालियर अंचल में सर्वाधिक रेत का उत्खनन जारी है. सिंध एवं चंबल नदी को छलनी कर दिया है. जब जब खनिज, वन विभाग और प्रशासन कार्यवाही करता है तभी रसूखदार के कारिंदे खून के प्यासे हो जाते है. आलम यह है कि केवल दस साल में रेत मफिया 50 लोगों की मौत का कारण बन चुके है. भिण्ड में 19 लोगों की जान ले चुके हैं. जबकि मुरैना जिले में 13 लोगों के कुचलकर काल के गाल में पहुंचा दिया है. इसी तरह दतिया भी सुरक्षित नहीं है. घटनायें घट रही है पुलिस अपना हिस्सा ले रही है.

### बीजेपी के मंत्रियों पर लगाया संरक्षण का आरोप

गोविन्द ने मच्छण्ड चौकी का उदाहरण देते हुये कहा कि यहां से 200 से 300 ट्राली रेत का परिवहन होता है. हर ट्राली पर चैकी को पांच हजार का हिस्सा मिलता है और जब कोई किसान या आमजन रेत लेने पहुंचता है तो उसे पकड़कर जेल भेज दिया जाता है तथा वाहन जब्त कर लिया जाता है. आखिर प्रदेश का भला कैसे होगा. किसानों की हितैषी कहने वाली सरकार किसानों को भी भला नहीं कर रही है. चहुंओर माफियाराज को बीजेपी के मंत्री का भरपूर संरक्षण है तो कैसे क्या होगा. पत्रकारवार्ता में वासुदेव शर्मा, आरपी सिंह एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव उपस्थित थे.

## महिला और अजन्मे शिशु की मौत

**शिवपुरी, 10 अप्रैल.** जिले के खनियाधाना थाना सीमा में आने वाले अछरौनी गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के हाथों एक गर्भवती महिला और उसके कोख मे पल रहे बच्चे की मौत हो गई. मामूली बुखार का इलाज कराने गई 4 माह की गर्भवती महिला की जान एक फर्जी डॉक्टर के इंजेक्शन ने ले ली. यह घटना न सिर्फ एक परिवार के सपनों को तोड़ गई, ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल भी खोल गई. गांव अछरौनी निवासी 21 वर्षीय गुनगुन गौतम, जो अपने पहले बच्चे की उम्मीद में थी, अचानक तेज बुखार आया. पति तेज सिंह बैस उसे इलाज के लिए पास के ही एक झोलाछाप डॉक्टर की क्लिनिक पर ले गया, डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज कर रहा था.

# कृषि महोत्सव की शुरूआत शिवराज ने फीता काटा

**रायसेन, 10 अप्रैल.** जिलें के दशहरे मैदान में शुक्रवार शाम को उन्नत कृषि महोत्सव के तहत कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया. इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉल और डेमोंस्ट्रेशन क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया. इधर, आज (शनिवार) यहां केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के दौरे का कार्यक्रम प्रस्तावित है.

यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का कृषि महोत्सव 11 से 13 अप्रैल तक चलेगा. इसमें किसानों को 'बीज से बाजार तक' कृषि से जुड़े समग्र समाधान एक ही मंच पर उपलब्ध कराए जाएंगे. प्रदर्शनी में लगभग 300 स्टॉल लगाए गए हैं.



इन स्टॉलों पर कृषि, बागवानी, सिंचाई, उर्वरक, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्रीकरण, डिजिटल कृषि और फसल बीमा से जुड़ी नवीनतम तकनीकें और मॉडल प्रस्तुत किए जाएंगे.


रेत खनन ▸ दो आरोपी अभी भी फरार

# फॉरेस्ट गार्ड की हत्या का आरोपी भाजपा नेता गिरफ्त में

नवभारत न्यूज

**मुरैना. मुरैना पुलिस ने फॉरेस्ट गार्ड हरकेश गुर्जर को रेत माफिया के द्वारा ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या करने के तीन आरोपियों में से एक आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है.**

अंततः घटना के 54 घंटे बाद दिमनी थाना पुलिस ने फॉरेस्ट गार्ड की हत्या के मामले में एक आरोपी सोनू चौहान को गिरफ्तार किया है. वह भाजपा युवा मंडल दिमनी का मंत्री बताया गया है. आरोपी को गिरफ्तार करने की पुष्टि पुलिस ने की है. मुख्य आरोपी ट्रैक्टर चालक विनोद कोरी और ट्रैक्टर मालिक पवन तोमर अभी भी फरार बताए गए हैं. पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी है. बताया जाता है कि आरोपी सोनू चौहान को कुथीयाना रोड रानपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस जांच में ट्रेक्टर भंवर लाल मीणा निवासी राजस्थान, बूंदी के नाम रजिस्टर था.



गौरतलब है कि मुरैना के अंबाह गेम रेंज में बुधवार की सुबह फॉरेस्ट महकमे की 6 सदस्यीय टीम रूटीन गश्त पर निकली थी. तभी सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखी. टीम ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की. फॉरेस्ट गार्ड हरकेश गुर्जर रोकने के लिए आगे बढ़े तो विनोद ने उनको कुचल दिया. फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकला. पास ही बने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी विनोद कोरी की तस्वीरें कैद हुई हैं.

### पिछले साल ही हुआ था मुरैना ट्रांसफर

मृतक वनकर्मी हरकेश गुर्जर अच्छा एथलीट था. उसने स्थानीय स्तर से लेकर नेशनल तक 800 और 1500 मीटर दौड़ में बढ़िया प्रदर्शन किया था. वह नेशनल चैंपियन भी रहा था. कई अवॉर्ड भी जीते. वह सन 2016 में फॉरेस्ट गार्ड के पद पर सिलेक्ट हुआ था. 26 जून 2016 को पन्ना टाइगर रिजर्व में उसे ज्वाइनिंग मिली थी. 7 अगस्त 2025 को उसका ट्रांसफर मुरैना वन विभाग के गेम रेंज सबलगढ़ के घाट वरोठा में हो गया था. बाद में इसमें संशोधन हुआ और उसे गेम रेंज अंबाह के घाट सांकरी पदस्थ किया गया था.

### बेसहारा हुए पिता, अनाथ हुए मासूम बच्चे

हरकेश के परिवार में पिता रामनिवास गुर्जर, पत्नी लवली, 4 साल की बेटी तन्वी और 2 साल का बेटा तन्मय हैं. बड़ा भाई ऋषिकेश गुर्जर दतिया की इंदरगढ़ तहसील में रीडर है.

# सीडीआर सौदे की मामले में जांच

▸ क्राइम ब्रांच के दो जवानों से एटीएस की पूछताछ

▸ नोटिस पर बुलाकर पूछे सवाल, फिलहाल छोड़ दिया;

**इंदौर, 10 अप्रैल.. कॉल डिटेल रिकॉर्ड ( सीडीआर ) के कथित सौदे से जुड़े मामले में एटीएस ने क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मियों से पूछताछ की. दोनों को नोटिस देकर तलब किया था. पूछताछ के बाद फिलहाल उन्हें छोड़ दिया है, लेकिन जांच एजेंसी ने जरूरत पड़ने पर दोबारा बुलाने के संकेत दिए हैं.**

सूत्र बताते हैं कि एक निजी डिटेक्टिव एजेंसी की जांच के दौरान कुछ मोबाइल नंबर संदिग्ध पाए गए थे. इन नंबरों की कड़ियां खंगालने पर एएसआई राम और आरक्षक रविंद्र का नाम सामने आया. इसी आधार पर एटीएस ने दोनों से संपर्क कर बयान लिए. बताया जा रहा है कि नोटिस के बावजूद समय पर पेश नहीं होने पर कर्नाटक एटीएस की टीम इंदौर पहुंची. गुरुवार शाम आरक्षक रविंद्र से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे जाने दिया. वहीं एएसआई राम किसी अन्य कार्य से बाहर होने के कारण शुक्रवार को भोपाल स्थित एटीएस मुख्यालय में पेश होंगे. प्रारंभिक पड़ताल में यह बात सामने आई है कि दोनों का संपर्क डिटेक्टिव एजेंसी संचालक मुकेश तोमर से रहा है. जांच एजेंसियां इस एंगल पर काम कर रही हैं कि क्या आम लोगों की सीडीआर पैसे लेकर साझा की जा रही थी. क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने स्पष्ट किया कि फिलहाल यह नियमित पूछताछ का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि संबंधित पुलिसकर्मी पहले भी इसी प्रकरण में जांच कर चुके हैं, इसलिए उनके नंबर संदिग्धों के मोबाइल में मिले हैं. अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है.